दिनांकः 01.06.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती में आधुनिक तकनीक, मशीनों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर ज़ोर दिया।
- 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना जारी–प्रदेश की 3 सीटों के लिए निर्वाचन होगा।
- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा–राजस्थान के नवाचारों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई–उन्होंने इन नवाचारों का प्रभावी डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के कई ज़िलों में आंधी–बारिश का दौर जारी–कुछ स्थानों पर तेज़ हवाएं चलने और ओले गिरने से नुकसान के समाचार।

000

राष्ट्रव्यापी ''खेत बचाओ'' अभियान की आज से शुरूआत हुई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के रायसेन जिले रमासिया गांव से इसका शुभारम्भ किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य उर्वरकों का संतुलित और उचित उपयोग बढ़ाना, मौसम संबंधी चुनौतियों के बीच किसानों को समय पर सलाह देना और पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद की कीमतें दोगुनी हो गई हैं, लेकिन केन्द्र सरकार ने तय किया है कि किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड से वंचित किसानों के कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब खेती में आधुनिक तकनीक और मशीनों का उपयोग बढ़ाना होगा। सही बुवाई, रोग से बचाव और कम बारिश की संभावना को देखते हुए वैज्ञानिक तरीके अपनाना समय की जरूरत है।

------------------

30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के विशेष प्रयास किये जाएंगे।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज जल से संबंधित उच्च–प्रभाव वाले क्षेत्रों में उन्नति के लिए मिशन माहा का शुभारंभ किया। ये जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान की एक संयुक्त पहल है।

इसका उद्देश्य जल संसाधन प्रबंधन, पेयजल, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और जल उपयोग दक्षता जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। दोनों मंत्रियों ने नई दिल्ली में जल अनुसंधान और विकास पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम में इस मिशन की शुरूआत की। कार्यशाला में जल संकट के समाधानों पर व्यापक विचार–विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर जल शक्ति मंत्रालय और इसरो ने जल संसाधन आकलन, निगरानी और प्रबंधन के लिए उपग्रह–आधारित अनुप्रयोगों और उन्नत प्रौद्योगिकियों को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसमें 24 प्राथमिकता वाले अध्ययन और सहयोग के क्षेत्र पहले ही चिन्हित किए जा चुके हैं।

000

राजस्थान सहित 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी हुई। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नाम निर्देशन 8 जून तक दाखिल किये जा सकते हैं। इनकी जांच 9 जून को की जाएगी। 11 जून को अभ्यर्थी अपना नाम

वापस ले सकेंगे। आवश्यकता होने पर 18 जून को मतदान होगा। गौरतलब है कि राजस्थान से राज्यसभा के लिए तीन सदस्य निर्वाचित होने हैं। भाजपा के रवनीत सिंह बिट्टू और राजेन्द्र गहलोत तथा कांग्रेस के नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

000

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के आज छह वर्ष पूरे हो गए हैं। वर्ष 2020 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी शुरूआत की थी। इस योजना से लाखों रेहड़ी–पटरी वालों को आसान ऋण मिला है। इस पहल के जरिये 75 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए है। वहीं 17 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किये गये। पीएम स्वनिधि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, जिसने लाखों परिवारों को विश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया आधार प्रदान किया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं तथा जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई।

000

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भूपेंद्र साहू ने आज बालोतरा जिले का दौरा कर अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं भी जानीं। श्री साहू ने बालोतरा थाने का निरीक्षण कर सीएलजी सदस्यों से फीडबैक लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिले में आवश्यक संसाधनों की कमी को पूरा किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि नये पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग के बाद तैनाती कर नफरी की कमी को दूर किया जाएगा।

--------------------

000

मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने राज्य सरकार के नवाचारों का प्रभावी डॉक्यूमेंटेशन करने और सफलता की कहानियां तैयार करने के निर्देश दिए हैं। आज जयपुर में अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम विकास चौपाल, ग्राम रथ अभियान, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान, चंदन वन, माय भारत और राज उन्नति जैसी सरकार की पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों के रूप में पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों ने इन पहलों के क्रियान्वयन में रुचि भी दिखाई गई है। बैठक के दौरान प्रदेश में खनिज अन्वेषण, नीलामी प्रक्रिया, पेयजल, स्वच्छता, सिंचाई परियोजनाएं तथा ऊर्जा क्षेत्र सुधारों से जुड़े विषयों के संबंध में भी चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने आज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने योजना के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए पीएम पोषण योजना के पोर्टल को तत्काल अपडेट करने को कहा।

000

झुंझुनूं जिले के शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान–डाइट परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय ने 13 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। विधायक राजेंद्र भांबू और जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने भवन निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया। ये केन्द्र अत्याधुनिक सुविधाओं वाला होगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर श्री भांबू ने कहा कि मंत्रालय ने राजस्थान के सात डाइट परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का निर्णय लिया है। जिनमें झुंझुनूं भी शामिल है।

000

झुंझुनूं में 17वीं बटालियन जाट रेजीमेंट का 60वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों और वर्तमान सैनिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर

जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने सैनिकों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की।

000

प्रदेश में मध्य और पूर्वी जिलों में आज भी आंधी–बारिश का दौर जारी रहा। जयपुर में बादल छाये हुए हैं और मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं बारिश हो रही है। अलवर, टोंक, सवाईमाधोपुर, दौसा और सीकर जिलों में भी तेज हवाओं के साथ कहीं हल्की बारिश तो कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। पाली में तेज हवाओं से कई पेड़, और बिजली के खम्भे गिर गये। करौली में दोपहर बाद हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। नागौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज हुई ओलावृष्टि से कपास की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

------------------

चित्तौड़गढ़ में भी तेज आंधी के साथ कहीं–कहीं ओले गिरे हैं। इसके अलावा, बूंदी, भीलवाड़ा, राजसमंद सहित कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी के समाचार हैं। राज्य में पिछले तीन दिन से जारी आंधी और बारिश के चलते ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे वहीं रात का पारा 25 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। मौसम केंद्र जयपुर ने कहा है कि अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर जारी रहेगा। 3–4 जून को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में तेज आंधी–बारिश के आसार हैं।

000

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) का सकल संग्रह पिछले महीने 3 दशमलव 2 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 94 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। पिछले साल मई में ये एक लाख 88 हजार करोड़ रुपये था। इस अवधि के दौरान वस्तुओं की कर योग्य आपूर्ति में 26 दशमलव 9 प्रतिशत की बढोतरी हुई। वहीं सेवा क्षेत्र में 22 दशमलव 2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

000

भारत–ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता–सी.ई.पी.ए. आज से लागू हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये समझौता दोनों देशों के आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करेगा। एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित लेख में श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता नए बाजार खोलेगा, इससे निर्यात में वृद्धि होगी तथा निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और विद्यार्थियों, कामगारों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ होगा। श्री गोयल ने कहा कि ओमान से हर साल लगभग 2 अरब डॉलर की आगम होती है।

000